# नागपुर कार्यालय की राजभाषायी गतिविधियां

## कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक, नागपुर

**नराकास, नागपुर के तत्वावधान में पेसो, नागपुर में अंतर कार्यालयीन प्रतियोगिता का आयोजन**





- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नागपुर के तत्वावधान में दिनांक 4/08/2015 को अपनाहन 03.00 बजे "चित्र पर आधरित काव्य लेखन" प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें नागपुर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों / उपक्रम/निगम/आदि कार्यालयों के 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।
- सर्वप्रथम डॉ. योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक द्वारा सभी का स्वागत किया गया एवं श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा अन्य जानकारी दी गई । इस आयोजन की अध्यक्षता करते हुए श्री डी.के. गुप्ता, उप-मुख्य विस्फोटक नियंत्रक द्वारा प्रतियोगिता हेतु चयनित चित्र - *अब्दुल कलाम साहब को श्रद्धांजलि देता एक चित्र* प्रदर्शित किया गया । न.रा.का.स., नागपुर के निर्देशों के अनुपालन में श्री तेजवीर सिंह, हिन्दी अनुवादक, निदेशक लेखा (डाक) कार्यालय, नागपुर को प्रतियोगिता में पर्यवेक्षक/ परीक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया था ।
- 30 जून 2015 को समाप्त तिमाही के लिए विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2015-2016 की प्रथम बैठक दिनांक 22 जुलाई 2015 को और 30 सितंबर 2015 को समाप्त तिमाही के लिए दिनांक 21 अक्तूबर 2015 को डॉ. एस. कमल, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय एवं राजभाषा अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर मदवार चर्चा की गई ।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति(का.1), पावरग्रिड, नागपुर द्वारा सोमवार दिनांक **26 अक्तूबर, 2015** को **पूर्वाहन 10.30** बजे पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में नराकास की दूसरी छमाही बैठक में डॉ. एस. कमल, मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय, डॉ. योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी और श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, हिन्दी अधिकारी ने भाग लिया ।
- दि. 26.11.2015 को संविधान दिवस की उपलक्ष्य में कार्यालय में संविधान दिवस मनाते हुए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसे अंबेडकर कॉलेज, नागपुर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वर्षा देशपांडे द्वारा बेहद प्रभावी संबोधन किया गया ।
- दि. 22.09.2015को *जीवन की गुणवत्ता और सकारात्मक जीवन शैली* विषय पर प्रजापिता ब्रह्मा ईश्वरीय विश्व विद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा हिन्दी कार्यशाला संबोधित की ।
- श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, हिन्दी अधिकारी द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 10-12 सितंबर 2015 को भोपाल में आयोजित 10 वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लिया ।
- हिन्दी अधिकारी द्वारा नराकास, नागपुर के संपादक मंडल की सदस्या के रूप में कई बैठकों में भाग लिया ।
- कार्यालय के अधिकारियों द्वारा किए गए राजभाषायी निरीक्षण -
  मु.वि.नि. महोदय द्वारा जयपुर कार्यालय का दि. 13.07.2015 को फरीदाबाद कार्यालय का दि. 31.07.2015 को श्री ए. के. कुंज, उप-मु.वि.नि. द्वारा दि. 03.08.2015 को गुवाहाटी कार्यालय का एवं दि. 20.08.2015 को कोलकाता कार्यालय का एवं श्रीमती वैशाली एस. चिरडे, हिन्दी अधिकारी 09.09.2015 भोपाल कार्यालय का राजभाषायी निरीक्षण किया गया ।

# पेसो, नागपुर में हिन्दी पखवाडा का आयोजन

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से संगठन के सभी कार्यालयों में हिन्दी दिवस के साथ हिन्दी पखवाडा बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया ।

कार्यालय मुख्य विस्फोटक नियंत्रक नागपुर (पेसो)में 14 सितंबर से 28 सितंबर 2015 तक हिन्दी पखवाडे का आयोजन किया गया ।






पखवाडे का शुभारंभ 14 सितंबर 2015 को कार्यालय के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक एवं संगठन प्रमुख डा. एस. कमल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा को माल्यार्पण कर श्री एन. टी. शाहू, सं.मु.वि.नि., श्री डी.के.गुप्ता उप-मु.वि.नि., श्रीमती वैशाली चिरडे, हिन्दी अधिकारी के साथ दीप प्रज्वलन किया । श्री डी. के. गुप्ता, उप-मु.वि.नि. द्वारा हिन्दी पखवाडा समिति की अध्यक्षता करते हुए पखवाडा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई । हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा मंच संचालन एवं समस्त कार्यक्रमों का प्रबंधन किया गया । इस अवसर पर हिन्दी दिवस के उलक्ष्य में श्री सतीश दुबे, वरि. लेखाकार, महालेखाकार कार्यालय (लेखा व हकदारी) द्वारा *हिन्दी दिवस की पृष्ठभूमि - राजभाषा अधिनियम एवं उसका कार्यान्वयन"* विषय पर कार्यशाला संबोधित की गई । डॉ.योगेश खरे, वि.नि. एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी द्वारा गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंहजी का संदेश अनुपालनार्थ पढकर सुनाया तथा डॉ. एस. के. दीक्षित, वि.नि. द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया । इस अवसर पर मुख्य विस्फोटक नियंत्रक डॉ. एस कमल द्वारा सभा को संबोधित किया गया ।

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से हिन्दी पखवाडे के अंतर्गत अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध कराते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया- जैसे- हिन्दी टंकण (यूनिकोड) , हिन्दी टिप्पण-आलेखण, हिन्दी निबंध, मुहावरा एवं लोकोक्ति, हिन्दी श्रृतलेखन, लोगो एवं पंच लाईन, अंताक्षरी, आदि ।

सरकारी कामकाज हिन्दी में प्रभावी रूप से करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध संदर्भ ग्रंथ/राजभाषा हिन्दी के महान रचनाकारों/हिन्दी साहित्य/वैज्ञानिक एवं तकनीकी साहित्य/आदि विषय की हिन्दी "पुस्तको की प्रदर्शनी" आयोजित की गई । अतिथि महोदय द्वारा पुस्तकालय को समृद्ध बताते हुए सभी से इसका प्रयोग करने का आग्रह किया ।





पखवाडे का समापन एवं मुख्य कार्यक्रम 28 सितम्बर 2015 को मनाया गया । मुख्य अतिथि डॉ. वेदप्रकाश मिश्रा, मुख्य सलाहकार, दत्ता मेघे इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सायंसेस, नागपुर द्वारा मॉं सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया । सर्वप्रथम श्री डी.के.गुप्ता उप-मु.वि.नि द्वारा स्वागत किया गया । इसके पश्चात डॉ. एस. के. दीक्षित, वि.नि. द्वारा अतिथि महोदय का परिचय कराया गया एवं सं.मु.वि.नि. श्री संजॉय सेन द्वारा संगठन की भूमिका की जानकारी देते हुए संबोधन किया गया । श्रीमती वैशाली चिरडे द्वारा कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए कार्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण सुनाया गया ।





डॉ. वेदप्रकाश मिश्राजी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि दुनिया के प्रत्येक स्वतंत्र देश का एक स्वतंत्र राष्ट्र ध्वज, एक स्वतंत्र राष्ट्रगीत तथा एक स्वतंत्र राष्ट्रभाषा होती है । भारत का अपना राष्ट्र ध्वज तथा राष्ट्रगीत तो है मगर हम एक राष्ट्रभाषा से वंचित है ।

उन्होने आगे कहा कि भारत एक बहुधर्मीय, बहुभाषायी देश है । विभिन्न धर्मों तथा भाषाओं के लोगों को एकतत्रित और संगठित रखने के लिए किसी एक संपर्क भाषा की आवश्यकता है और यह आवश्यकता केवल हिन्दी पूर्ण कर सकती है । भावनात्मक आदान प्रदान के लिए/ देश की एकजूटता के लिए एक भाषा होना बहुत जरूरी है जो देश को जोडने के लिए सेतु का काम करेगी और वह भाषा हिन्दी ही हो सकती है । उन्होने कहा कि हिन्दी को सरल एवं सहज बनाएं तभी वह सुलभ हो पाएगी वरना वह दुर्लभ हो जाएगी । एक आम आदमी जिस भाषा में बोलता और समझता है वही सरल और सहज भाषा हिंदी है । संगठन के मुख्य विस्फोटक नियंत्रक महोदय डॉ. एस कमल द्वारा सभी से कार्यालयीन कार्य अधिक से अधिक हिन्दी में करने हेतु आवाहन किया गया ।




***विस्फोटक दर्पण* के अंक 15 का प्रकाशन**

अधिकारियो/कर्मचारियों की रचनात्मक प्रतिभाओं को अभिव्यक्ति का साझा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से, कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रचनाओं/विचारों को एक नया आयाम देने के लिए संगठन की हिन्दी गृह पत्रिका ***विस्फोटक दर्पण*** के अंक 15 का प्रकाशन किया गया । इस पत्रिका का संपादन कार्यालय की हिन्दी अधिकारी श्रीमती वैशाली चिरडे व्दारा किया गया ।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि के करकमलो द्वारा संगठन की गृह-पत्रिका विस्फोटक दर्पण–अंक15 का विमोचन किया गया । मुख्य अतिथि एवं मु.वि.नि. द्वारा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत एवं पखवाडे के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए ।



अंत में डॉ. योगेश खरे, विस्फोटक नियंत्रक एवं संपर्क हिन्दी अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ ।